युवाओं के नवाचार बना रहे कृषि को अनंत संभावनाओं का क्षेत्र: लोक सभा अध्यक्ष

नई दिल्ली; 18 अक्टूबर, 2022: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज नई दिल्ली स्थित पूसा इंस्टीट्यूट में आयोजित पीएम किसान सम्मान सम्मेलन में कृषि क्षेत्र में नवाचार कर रहे स्टार्टअप्स के उत्पादों और सेवाओं को देखा। स्पीकर बिरला ने इन स्टार्टअप्स को चला रहे युवाओं से काफी देर तक बात की तथा उनके उत्पादों और सेवाओं से कृषि क्षेत्र में आ रहे बदलाव की जानकारी प्राप्त की। श्री बिरला ने कहा कि हमारे युवा अपनी सोच और शोध से कम लागत और कम क्षेत्र में अधिक उत्पादन का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। कृषि उत्पादों से दैनिक उपयोग में आने वाली वस्तुएं बनाकर वैल्यू एडीशन में भी वे अग्रणी हैं। यह नई सोच हमारे किसानों को ग्लोबल सप्लाई चेन में अहम भागीदार बनाते हुए उनकी समृद्धि सुनिश्चित करेगी। कृषि क्षेत्र को नई और अनंत संभावानओं भरा क्षेत्र बनाने के लिए युवा साधुवाद के पात्र हैं।